कार्यालय– निदेशक, माध्यमिक शिक्षा, राजस्थान, बीकानेर

क्रमांक : शिविरा / माध्य / मा–ब / 22803 / 2017–18 / 56/135 दिनांक : 31/8/2018

प्रमुख शासन सचिव
स्कूल शिक्षा विभाग,
राजस्थान,जयपुर

विषय :– राज्य स्तरीय शिक्षक पुरस्कार–2018 के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयान्तर्गत निवेदन है कि केन्द्रीय मानव संसाधन विकास मंत्रालय,, भारत सरकार के पत्र दिनांक 15.06.2018 के अनुसार राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार– 2017 हेतु आवेदन ऑन लाईन चाहे गये थे, जिसके कम में प्रत्येक जिले से तीन–तीन आवेदन जिला स्तरीय समिति द्वारा अग्रेषण पश्चात् राज्य स्तरीय समिति को भिजवाये गये। भारत सरकार के निर्देशानुसार राष्ट्रीय स्तर पर पुरस्कार हेतु साक्षात्कार के लिये आमन्त्रित किये जाने वाले कुल 145 में से राजस्थान के लिये छः आवेदन स्वतन्त्र राष्ट्रीय ज्यूरी के समक्ष प्रस्तुतीकरण हेतु नियत किये गये। जिलो से प्राप्त 95 आवेदनों में से राज्य स्तरीय समिति द्वारा सर्वश्रेष्ठ छः आवेदन मानव संसाधन विकास मंत्रालय को अग्रेषित किये गये। राष्ट्रीय स्तर पर 145 में से प्रस्तुतीकरण पश्चात् सम्पूर्ण देश से 45 शिक्षकों का राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार 2017 हेतु अन्तिम चयन किया गया,जिसमें से राज्य के निम्नलिखित दो शिक्षक सम्मिलित किये गये–:

1– मोहम्मद इमरान खान, अध्यापक राजकीय वरिष्ठ उपध्याय संस्कृत विद्यालय, अलवर।
2– डॉ. सुमन जाखड प्रधानाचार्य राजकीय मोहता बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय राजगढ,चूरू।

राष्ट्रीय स्तर पर अग्रेषित छः शिक्षकों में से उपर्युक्त दो के अतिरिक्त निम्नलिखित शिक्षकों ने भी स्वतन्त्र राष्ट्रीय ज्यूरी के समक्ष अपना प्रस्तुतीकरण दिया । इसके अतिरिक्त वरियता कम अनुसार दो अतिरिक्त शिक्षकों को भी राज्य स्तरीय चयन समिति द्वारा चयन पूर्व कार्यशाला में उपस्थिति एवं प्रस्तुतीकरण हेतु आमंत्रित किया गया था। राष्ट्रीय स्तर पर राज्य का प्रतिनिधित्व करने वाले इन शेष 04 शिक्षकों में से श्री देवकी नन्दन वैष्णव को विगत सत्र 2017–18 में राज्य स्तरीय शिक्षक सम्मान से सम्मानित किया जा चुका है। अतः शेष निम्नांकित तीन तथा पूर्वोल्लेखित दो अतिरिक्त शिक्षकों (कुल पांच) राज्य स्तर पर को राज्य स्तरीय सम्मान समारोह में विशेष सम्मान दिया जाना प्रस्तावित है ।

1. श्री मनोज कुमार, प्रधानाचार्य, राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय रामगढ–नोहर,हनुमानगढ।
2. डॉ. राजेन्द्र कुमार निर्मल, प्रधानाचार्य स्वामी विवेकानन्द राजकीय मॉडल विद्यालय हिण्डोली,बूंदी।
3. डॉ. योगेन्द्र सिंह नरूका, व्याख्याता राजकीय सेठ आनन्दीलाल पोद्दार बधिर विद्यालय, जयपुर।
4. श्रीमती सरोज लोयल, व्याख्याता, जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान, सीकर ।
5. श्री नारायण लाल जगेटिया, राउमावि ,प्रतापनगर , भीलवाड़ा ।

कृपया उपर्युक्त प्रस्ताव का शासकीय अनुमोदन प्रदान करने का श्रम करावें।

संलग्न–: राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार 2017 हेतु अग्रेषित शिक्षकों की सूची।

भवदीय,

www.rajteachers.com

(नथमल डिडेल)
आई.ए.एस.
निदेशक, माध्यमिक शिक्षा,
राजस्थान बीकानेर